दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 07 मार्च -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 73 पेज-15 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# यूपीएससी का अंतिम परिणाम जारी, अनुज अग्निहोत्री ने किया टॉप




**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा और इंटरव्यू (पर्सनैलिटी टेस्ट) के आधार पर अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। आयोग ने मेरिट के आधार पर कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। इस बार अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम हैं। वहीं, तीसरा स्थान एकांश ढुल ने हासिल किया है। लिखित परीक्षा अगस्त 2025 में आयोजित हुई थी, जबकि इंटरव्यू दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच लिए गए।

चयनित उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और केंद्रीय सेवाओं (ग्रुप ह्यएह्ल और ह्यबीह्ल) में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है।

आयोग ने बताया कि 348 उम्मीदवारों का चयन फिलहाल प्रोविजनल (अस्थायी) रखा गया है। इन उम्मीदवारों के दस्तावेजों और अन्य जरूरी प्रक्रियाओं के सत्यापन के बाद ही उनके चयन को अंतिम रूप दिया जाएगा।

वहीं, दो उम्मीदवारों का परिणाम फिलहाल रोक दिया गया है। आयोग ने इन उम्मीदवारों के परिणाम को कुछ कारणों से फिलहाल जारी नहीं किया है।

# यूपीएससी में गाजियाबाद के युवाओं का परचम, गर्व गर्ग को 192वीं रैंक

## सात्विक शर्मा ने 327 और विवेक कटारिया ने 845वीं रैंक हासिल कर शहर का बढ़ाया मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के घोषित परिणाम में गाजियाबाद के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में शहर के प्रतिभाशाली छात्र गर्व गर्ग ने ऑल इंडिया रैंक 192वीं हासिल कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। गर्व गर्ग ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गाजियाबाद के ही एक प्रतिष्ठित विद्यालय से पूरी की और इसके बाद उच्च शिक्षा के दौरान सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय किया। बताया जाता है कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों से लगातार यूपीएससी की तैयारी की और नियमित अध्ययन, अखबार पढ़ने तथा समसामयिक विषयों पर विशेष ध्यान देकर यह सफलता हासिल की। परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनकी सफलता में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं में मानी जाती है। हर वर्ष लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन अंतिम चयन सूची में सीमित संख्या में ही उम्मीदवारों का नाम आता है। ऐसे में गाजियाबाद के इन युवाओं की सफलता शहर के लिए गर्व का विषय बन गई है। तीनों युवाओं की इस उपलब्धि पर परिवारों में खुशी का माहौल है। परिजनों और परिचितों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और उन्हें बधाई दी। स्थानीय लोगों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों ने भी इन सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता शहर के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गाजियाबाद के इन होनहार युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि लगन, अनुशासन और सही दिशा में की गई मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता से शहर के अन्य छात्र-छात्राओं में भी सिविल सेवा जैसी बड़ी परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ेगा और वे भी देश की सेवा के लिए आगे आने को प्रेरित होंगे।

### पटेल नगर के सात्विक - विवेक ने मारी बाजी




करंट क्राइम : इसी क्रम में पटेल नगर सेकंड निवासी सात्विक शर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 327 प्राप्त की है। सात्विक ने भी लंबे समय तक कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ तैयारी की। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान रोजाना तय समय तक अध्ययन करने, नोट्स तैयार करने और मॉक टेस्ट के माध्यम से परीक्षा की तैयारी को मजबूत किया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सात्विक शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना लंबे समय से देख रहे थे। वहीं पटेल नगर सेकंड निवासी विवेक कटारिया ने ऑल इंडिया रैंक 845 हासिल कर सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विवेक ने भी लगातार मेहनत और धैर्य के साथ तैयारी की। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समसामयिक घटनाओं, सामान्य अध्ययन और वैकल्पिक विषय पर विशेष फोकस किया। उनके परिवार का कहना है कि विवेक ने कठिन परिस्थितियों में भी पढ़ाई जारी रखी और अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे।

# 40 प्रतिशत की छूट के तकाजे के साथ पूर्व मेयर ने भरा हाउस टैक्स

## कहा, कोर्ट का फैसला माना, अब निगम भी लौटाये बकाया रकम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं। इस समय जो मुद्दा सबसे अधिक गरमाया हुआ है वो हाउस टैक्स का है और यहां पर पूर्व मेयर अशु वर्मा इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह मुखर रहे हैं। उनकी इस मुद्दे पर मुखरता इसलिए भी खास है क्योंकि वो नगर निगम सदन के मुखिया रहे हैं, वो मेयर रहे हैं और मेयर के रूप में उनका कार्यकाल बहुत एक्टिव रहा है। निर्माण की गुणवत्ता से लेकर निगम की कार्यशैली तक वो तब एक्टिवेट रहे हैं जब सरकार वाली हवा उनके पक्ष में नहीं थी। पूर्व होने के बाद भी उन्होंने अभूतपूर्व तरीके से इस हाउस टैक्स के मुद्दे को उठाया।

पूर्व मेयर अशु वर्मा ने हाउस टैक्स को लेकर पहले एक पोस्ट डाली और उस पर मौजूदा मेयर का एक्शन भी आया। इसके बाद जब कोर्ट का फैसला आया तो पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगी। एक ऐसे पूर्व जनप्रतिनिधि जो स्पष्टवादिता के साथ सामने आये। गृहकर को लेकर उन्होंने अपने कर्मचारी को जब निगम भेजा था तो वहां उनसे नई दर पर टैक्स मांगा गया। उन्होंने मौजूदा मेयर के बयान का हवाला दिया और कर्मचारी ने साफ्टवेयर का हवाला देते हुए कह दिया था कि हमारे पास फिलहाल यह व्यवस्था है। अब जब कोर्ट का फैसला आ गया तो करदाताओं के लिए ये ऑफर है कि वो 40 प्रतिशत की छूट के साथ टैक्स जमा करा दें। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने छूट के इस तकाजे के साथ कहा कि वो टैक्स जमा करायेंगे। उन्होंने कोर्ट का निर्णय माना और कहा कि अब नगर निगम भी बकाया रकम वापस लौटाये।

पूर्व मेयर अशु वर्मा ने एक पत्र मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को लिखा और कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय के बाद मैंने अपने आवास संख्या- आर 9/11, राजनगर, गाजियाबाद के वित्तीय वर्ष 2025-26 का आपके द्वारा निर्धारित बढ़ा हुआ हाउस टैक्स जमा कर दिया है। उत्तर प्रदेश नगर निगम एक्ट की धारा 174 में यह प्रावधान है कि यदि आवासीय भवन 10 वर्ष से अधिक पुराना है तो उसे 32 प्रतिशत और 20 वर्ष से अधिक पुराना है तो उस पर 40 प्रतिशत की छूट हाउस टैक्स में दी जा सकती है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पत्र लिखकर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से अनुरोध किया कि मुझे तथा समस्त गाजियाबाद महानगरवासियों को यह छूट प्रदान करें।

# महानगर वाली लिस्ट में आने हैं अभी कई तरह के ट्विस्ट कोई आगरा, कोई लखनऊ तो किसी ने दिल्ली कर लिया है शिफ्ट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में पद से ही कद होता है और कद के लिए नेता बेहद मेहनत करते हैं। भागदौड़ करते हैं, कई दरवाजों पर नतमस्तक होते हैं, कई जगहों पर प्रणाम करते हैं।

कुल मिलाकर सार ये है कि जहां से भी उन्हें आधा प्रतिशत भी उम्मीद की किरण दिखाई देती है तो वो उसी पर 100 प्रतिशत काम करते हैं। महानगर की लिस्ट जारी होनी है और ऐसे में अब सभी चेहरे अपनी अपनी तरफ से पूरी मेहनत कर रहे हैं। लिस्ट में आने के लिए कोई आगरा तक घूम कर आया है तो किसी ने लखनऊ में डेरा डाल लिया है।

कोई दिल्ली की तरफ भी शिफ्ट हो गया है। सबकी लोकेशन अलग अलग आ रही हैं और सभी चेहरे लिस्ट में आने के लिए पूरी भागदौड़ कर रहे हैं।

सभी का ये प्रयास है कि अब कोई कोर कसर नहीं छूट जानी चाहिए। अलग अलग समीकरण बन रहे हैं और अलग अलग सिफारिशे हैं।

### 9 से 11 मार्च के बीच आ जायेगी लिस्ट

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि महानगर की लिस्ट से पहले प्रदेश की टीम आयेगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम आ जायेगा। जो भी चेहरा क्षेत्रीय अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेगा उसी के हस्ताक्षर से महानगर की टीम आयेगी। सूत्र बताते हैं कि इस बात की प्रबल संभावना है कि 9 मार्च को क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो जायेगी और क्षेत्रीय अध्यक्ष ही महानगर की कमेटी की घोषणा करेंगे। उन्हीं के हस्ताक्षर के बाद महानगर की टीम की घोषणा होगी। सूत्र बताते हैं कि 9, 10 या 11 मार्च को क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो जायेगी और इसी के साथ महानगर की टीम के नाम भी घोषित हो जायेंगे।

### देखकर सिफारिश का उफान पर्यवेक्षक भी हैं हैरान

करंट क्राइम। दावेदारी का ऊफान है और सिफारिश का तूफान है। कौन किससे अपनी सिफारिश करा रहा है, इस पर भी सभी दावेदारों के एक दूसरे पर कान है। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद के भाजपाई सिफारिश शिजरे को देखकर पर्यवेक्षक भी हैरान हैं। ये चर्चा भाजपाईयों में आम है कि महानगर की टीम में आने के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों के फोन उन चेहरों के पास गये हैं, जिनको नाम तय करने हैं। सूत्र बताते हैं कि पर्यवेक्षक भी हैरान है और सबसे बड़ी बात ये है कि गाजियाबाद की टीम में आने के लिए यहां के जनप्रतिनिधियों से ज्यादा फोन राष्ट्र स्तर के पदाधिकारियों के आये हैं। भाजपा वाले ही बता रहे हैं कि ये कोई नई बात नहीं है, यहां तो मंडल के पदों के लिए राष्ट्र वालों ने कहीं फोन किये थे तो कहीं वीटो लगा दी थी। कंही मंत्री जी ने फिल्डिंग सजा दी थी। तो ऐसे में अगर महानगर के लिए राष्ट्र ये फोन आये हैं तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए।

# पाठकों ने करंट क्राइम के संग साझा किए होली के रंग



गाजियाबाद, करंट क्राइम। होली के पर्व पर दैनिक करंट क्राइम के पाठकों ने उत्साह के साथ अपने होली उत्सव की तस्वीरें अखबार के साथ साझा की हैं। शहर के विभिन्न इलाकों से पाठकों ने परिवार और मित्रों के साथ मनाई गई होली की रंग-बिरंगी झलकियां बड़ी संख्या में भेजीं। प्राप्त तस्वीरों में से कई चुनिंदा फोटो शनिवार के अंक में प्रकाशित की जा रही हैं, जबकि अन्य तस्वीरों को रविवार के अंक में स्थान दिया जाएगा। दैनिक करंट क्राइम परिवार ने पाठकों की इस सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया है।

देखें होली फीचर, पृष्ठ 2,5,7,9-14

# नगर निगम में आज रहेगा डबल हंगामा : अंदर टैक्स पर पार्षद करेंगे मंथन, बाहर सपा करेगी प्रदर्शन


फाइल फोटो

## सुबह 11 बजे से होगी बैठक

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक शनिवार 7 मार्च को आयोजित होने जा रही है। इस बैठक को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में काफी हलचल है। माना जा रहा है कि इस बार नगर निगम के भीतर और बाहर दोनों जगह माहौल गरम रह सकता है।

अंदर जहां पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर तीखी बहस करते नजर आ सकते हैं, वहीं बाहर समाजवादी पार्टी हाउस टैक्स के विरोध में प्रदर्शन करेगी। ऐसे में नगर निगम परिसर में शनिवार को डबल हंगामे की स्थिति बन सकती है। नगर निगम की इस बोर्ड बैठक के पहले सत्र में सबसे बड़ा और संवेदनशील मुद्दा हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का रहेगा। पिछले कुछ समय से शहर में हाउस टैक्स को लेकर लगातार बहस और विरोध चल रहा है। इसी को देखते हुए बैठक में पार्षद, नगर निगम के अधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य अपने-अपने तर्क और सुझाव रखेंगे। संभावना है कि टैक्स वृद्धि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिल सकती है। दरअसल, हाल ही में महापौर सुनीता दयाल ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों और नगर निगम अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की थी। इस बैठक में हाउस टैक्स के मुद्दे पर चर्चा करते हुए यह सहमति बनी थी कि कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए कोई ऐसा बीच का रास्ता निकाला जाए जिससे शहर की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ कम से कम पड़े और नगर निगम की आय भी प्रभावित न हो।

### मेयर से करेंगे शहर को राहत दिलाने की मांग : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम : इधर नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि महापौर द्वारा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर बैठक की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि शासन, प्रमुख सचिव और मुख्यमंत्री की मध्यस्थता से ऐसा समाधान निकाला जाए जिससे आम जनता को राहत मिले और शहर के विकास कार्यों की गति भी प्रभावित न हो। शनिवार को होने वाली यह बोर्ड बैठक नगर निगम के नए और हाईटेक भवन में आयोजित की जाएगी। माना जा रहा है कि पहले सत्र में हाउस टैक्स का मुद्दा पूरी तरह छाया रहेगा, जबकि दूसरे और तीसरे सत्र में विकास कार्यों और अन्य प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा होगी। कुल मिलाकर शनिवार को नगर निगम परिसर में राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां पूरे दिन चर्चा का केंद्र बनी रह सकती हैं।

### आज लगेगी कई प्रमुख प्रस्तावों पर मोहर

करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार, इस बार बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स के अलावा करीब 39 प्रस्तावों पर भी चर्चा होनी है। इनमें भवन कंपाउंडिंग, हॉकर जोन, ट्रांसमिशन लाइन से जुड़े भवनों का नियमितीकरण, पार्किंग शुल्क, नई कॉलोनियों के विकास कार्य, वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसलिए यह बैठक लंबी और मैराथन होने की संभावना जताई जा रही है। इस बैठक को लेकर शहर के सांसद, मंत्री और विधायकों की मौजूदगी पर भी सबकी नजर टिकी हुई है। पिछली बोर्ड बैठक में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हाउस टैक्स नही बढ़ाने का फैसला सामने आया था, लेकिन बाद में मामला अदालत में पहुंचने के बाद स्थिति बदल गई थी। ऐसे में इस बार यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि बैठक में कौन-कौन से बड़े जनप्रतिनिधि शामिल होते हैं और उनका रुख क्या रहता है। उधर समाजवादी पार्टी ने भी हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शनिवार सुबह पहले पार्टी कार्यालय पर एकत्र होंगे और उसके बाद नगर निगम मुख्यालय तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचेंगे। सपा का आरोप है कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी से आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

## हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में सपा का नगर निगम पर घेराव आज

### व्यापक जनआंदोलन करेगी सपा: अभिषेक गर्ग



करंट क्राइम। नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई बढ़ोतरी के विरोध में समाजवादी पार्टी शनिवार को नगर निगम मुख्यालय का घेराव करेगी। पार्टी ने इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए इसके खिलाफ बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शनिवार सुबह 11 बजे पार्टी कार्यालय पर एकत्रित होंगे। इसके बाद सभी नेता और कार्यकर्ता जुलूस के रूप में नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर दोपहर 12 बजे हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग कहना है कि मौजूदा समय में आम जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव से जूझ रही है। ऐसे में नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाना जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि यह फैसला बिना व्यापक जनसंवाद और पारदर्शिता के लिया गया है, जिससे मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों और आम गृहस्वामियों पर सीधा असर पड़ेगा। इस प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, महिला सभा की पदाधिकारी, पूर्व महिला आयोग सदस्य और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग सोशल मीडिया के साथ-साथ जनता के बीच जाकर इस मुद्दे को उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम प्रशासन ने हाउस टैक्स बढ़ाने का फैसला वापस नहीं लिया तो समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को लेकर व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी है कि जनता के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर सपा पीछे नहीं हटेगी और जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन और जनसभाओं के माध्यम से आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## राजेन्द्र त्यागी ने कहा बोर्ड बैठक के एजेंडे में क्यों नहीं है पुरानी बैठक का जिक्र



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आज होने जा रही बोर्ड बैठक को लेकर मामला कई मुद्दों पर गर्म रहना है। मगर पार्षदों को बोर्ड बैठक के एजेंडे को लेकर विवाद बनता हुआ नजर आ रहा है। हाउस टैक्स के खिलाफ हाईकोर्ट में लंबी लड़ाई लडने वाले पूर्व पार्षद ने कहा कि संविधान के अनुसार जब भी नई बैठक का एजेंडा भेजा जाता है तो उसमें पुरानी बैठक के एजेंडा का जिक्र होता है और फिर नए एजेंडे की शुरूआत होती है। श्री त्यागी ने कहा कि पुरानी बैठक का जिक्र एजेंडे में ना करना किसी सोची समझी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। इसलिए बैठक में शामिल होने जा रहे पार्षदों को आज इस महत्वपूर्ण विषय पर अधिकारियों का ध्यान खींचना होगा। ताकि वो पुरानी बैठक का जिक्र वर्तमान बैठक के एजेंडे में करें।





## 40 कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से कर दिया ये प्रस्ताव पास

# अगले दो साल यही कमेटी करेगी काम और नहीं होंगे कोई चुनाव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी का जो चुनाव मार्च में होना था। फिलहाल रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी ने उस पर ब्रेक लगा दिये। शनिवार को सुल्लामल रामलीला कमेटी ने 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की एक बैठक हुई। रामलीला कमेटी में यह कार्यकारिणी अहम मानी जाती है और इस कार्यकारिणी में पास हुए प्रस्तावों को एक तरह से फाईनल प्रस्ताव माना जाता है। शनिवार को रामलीला कमेटी के दफ्तर में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में 51 सदस्यीय कार्यकारणी के 40 सदस्य मौजूद रहे। नियम यह है कि एक तिहाई सदस्य अगर मौजूद हैं तो कोरम पूरा है और यहां तो 51 में से 40कार्यकारिणी सदस्य रहे। सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी में रामलीला कमेटी के चुनाव को लेकर चर्चा हुई। कार्यकारिणी में वर्तमान कमेटी के सभी पदाधिकारियों की कार्यशैली पर संतुष्टि जताई। इस कमेटी द्वारा किये गये कार्यों और कमेटी के समन्वय को लेकर सहमति बताई। इसके बाद ये प्रस्ताव रखा गया कि मार्च में जो चुनाव की घोषणा होनी है वो अब नहीं होगी और इसी कमेटी को सर्वसम्मति से अगले दो साल के लिए कार्य करने की सहमति बनी। सभी ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया औरइसी के साथ ये तय हो गया कि अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू, मंत्री प्रदीप मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी तथा वरिष्ठ लेखा परीक्षक रविन्द्र मित्तल की टीम ही आगामी दो साल के लिए कार्यभार संभालेगी। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी की इस बैठक में पारित हुए इस प्रस्ताव को अब रामलीला कमेटी की आम बैठक में लाया जायेगा। जहां इस पर मुहर लगेगी।

### चिंटू खलीफा बनाये गये राम नवमी के संयोजक

करंट क्राइम। बारात मंत्री से खलीफा पद तक पहुंचे शिवांक गर्ग उर्फ चिंटू खलीफा को एक बार फिर कमेटी ने प्रमोशन दिया है। शिवांक गर्ग को आगामी राम नवमी महोत्सव में राम नवमी संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले उन्हें रामलीला कमेटी ने खलीफा पद की उपाधि से विभूषित किया था। शिवांक गर्ग को ठाकुरद्वारा मंदिर कमेटी में भी कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है और अब चिंटू खलीफा को राम नवमी महोत्सव का संयोजक बनाया गया है। उनके साथ नितिन मित्तल राम नवमी मंत्री के रूप में काम करेंगे।

### आनंद गर्ग ने कहा कार्यकाल की अवधि हो तीन साल

करंट क्राइम। कार्यकारिणी की बैठक में आनंद गर्ग भी मौजूद रहे। आनंद गर्ग ने दो साल के प्रस्ताव का स्वागत किया और उन्होंने कार्यकारिणी बैठक में ये प्रस्ताव रखा कि रामलीला कमेटी का चुनाव हर तीन साल पर होना चाहिए। उनका यह प्रस्ताव था कि रामलीला कमेटी का गठन ही एक साल के लिए ना होकर तीन साल के लिए हो। माना जा रहा है कि आनंद गर्ग के प्रस्ताव पर ही मुहर लगी है और तभी एक साल तक काम कर चुकी कमेटी को अगले दो साल के लिए एक्सटेंशन दिया गया है।

### राम नवमी के दिन शुरू होगा मूर्ति निर्माण का शुभ कार्य

करंट क्राइम। रामलीला कमेटी ने घोषणा की है कि इस वर्ष राम नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान में प्रभु श्रीहनुमान जी की मूर्ति स्थापना का कार्य राम नवमी के दिन शुरू होगा। यहां हवन पूजन के साथ विधिवत मूर्ति निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा।

## जब बड़े आयोजन में ऐन मौके पर आ गया शिफ्टिंग का चैलेंज

# रामअवतार जिंदल ने संभाला इस चुनौती को और सफलतापूर्वक पूरा किया टास्क

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर उसके सम्पन्न होने तक एक बड़ा काम रहता है। छूटी से छोटी चीजों से बारीकी से काम होता है। जब आयोजन में एक बड़ा समूह भी जुटाना हो और आयोजन की गरिमा को ध्यान रखना है। टाईमिंग में कोई कमी नहीं रखनी है तो फिर किसी भी कार्यक्रम को लेकर आयोजकों की चुनौती बढ़ जाती है। ऐसे में यदि अल्प समय में अचानक प्रोग्राम शिफ्ट हो जाये और ऐसे समय में शिफ्ट हो जाये जिसमें फैस्टिवल सीजन हो तो ऐसे में आयोजको के लिए अग्नि परीक्षा हो जाती है। लेकिन जो लोग एक सामाजिक नेटवर्क लेकर चलते हैं। जिन लोगों का अपना सामाजिक तानाबाना होता है, उनके लिए फिर ये चुनौतियां कोई चुनौती नहीं रहती। सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता रामअवतार जिंदल भी एक ऐसी ही शख्सियत हैं। समाज में एक प्रतिष्ठापूर्ण मुकाम रखते हैं और सबसे बड़ी बात है कि वो हमेशा बेहद विनम्र अपना व्यवहार रखते हैं। उनके सामने एक ऐसी चुनौती आ गई कि कोई और होता तो कहानी में ट्विस्ट हो जाता।



दरअसल एक बड़ा आयोजन उनके कंधो पर और अचानक से कार्यक्रम की डेट शिफ्ट हो गई। सब हैरान कि निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं। सभी लोग अपने प्रोग्राम में उसे शामिल कर चुके हैं और ऐसे में अब सब कैसे होगा। लेकिन ये रामअवतार जिंदल हैं जिन्होंने गजब का मैनेजमेंट दिखा और पूरे कार्यक्रम को संभाल लिया। दरअसल हिंदी भवन में श्रीभक्तमाल कथा तथा संत समागम का आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम 10वें श्रीभक्तमाल जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहा है। हिंदी भवन में यह कार्यक्रम 5 से 8 मार्च को आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथावाचक इन्द्रेश उपाध्याय कथावाचन कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजनों में डॉ रामअवतार जिंदल हैं। रामअवतार जिंदल शिक्षाविद हैं, समाजसेवी हैं औरभाजपा नेता हैं और वो इंडिपेंडेट स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सब कुछ सही चल रहा था और अचानक से होली पर्व पर ये संदेश आया कि जो कार्यक्रम 5 मार्च को शुरू होना है वो कार्यक्रम अब 4 मार्च को होगा। सूचना भी कोई दो दिन या तीन दिन पहले नहीं ठीक एक दिन पहले मिली कि कार्यक्रम 5 मार्च को नहीं 4 मार्च को होगा। सब हैरान परेशान, लेकिन यहां डॉ रामअवतार जिंदल आगे आये और बिना किसी तनाव के उन्होंने इस पूरे मैनेजमेंट को संभाला। बड़ा टास्क था और बड़ा आयोजन और इसके बीच पर्व का मौसम। लेकिन जो लोग एक नेटवर्क रखते हैं वो अपने पास हर समस्या का समाधान रखते हैं। रामअवतार जिंदल ने ऐन मौके पर चेंज हुए कार्यक्रम को बखूबी संभाल लिया और कार्यक्रम उसी भव्य तरीके से पावन तरीके से शुरू हुआ। समाज के गणमान्य लोग पहुंचे, साधु संत पहुंचे और सभी ने देखा कि ये डॉ रामअवतार जिंदल का मैनेजमेंट था। कहीं से कहीं तक कोई ये नहीं कह सकता था कि यह कार्यक्रम ऐन मौके पर शिफ्ट हुआ है। बड़ी बात ये थी कि पर्व के मौके पर इस सफल कार्यक्रम की शुरूआत जब हुई तो सभी का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया। एक बार फिर ये संदेश गया कि जो लोग सामाजिक रूप से मजबूत होते है जिनका सामाजिक नेटवर्क मजबूत होता है उनका ही समाज में वजूद होता है। ये लोग ऐसे होते हैं जो अपने वजूद के दम पर किसी भी कार्यक्रम को मजबूत कर देते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है इसमें लोग आ रहे हैं।

### आज संत समागम के आशीर्वचन में मनेगा डॉ रामअवतार जिंदल का जन्मदिन



करंट क्राइम। ये एक आध्यात्मिक संयोग है और इससे पावन कुछ नहीं हो सकता कि किसी भी शख्सियत को आध्यात्मिक आर्शीवचन प्राप्त हो। हिंदी भवन में श्रीभक्तमाल कथा चल रही है। संत समागम चल रहा है और ऐसे मंगलमय वातावरण में आज यानी 7 मार्च को शिक्षाविद, समाजसेवी तथा भाजपा नेता रामअवतार जिंदल का जन्मदिन मनेगा। ये एक पावन बेला है जब संतसमागम है और इस अवसर पर जन्मदिन की शुभकामनाएं मिलेंगी। पावन संतों का आर्शीवचन मिलेगा। समर्थकों का एक मेला रहेगा और ऐसे शुभ अवसर पर जन्मदिन की बेला आई है।

# जातिगत समीकरण के ताने-बाने से ही बनेगी महानगर की टीम आयु वाले फैक्टर को लेकर साफ्ट ही रहेगा संगठन का सीन!





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महानगर की टीम को लेकर अलग-अलग चेहरों के नाम चर्चा में चल रहे हैं। किसको क्या मिलता है किस पर किसकी कृपा होती है, ये घोषणा होते ही पता चल जायेगा। अगर सियासत में नाम चर्चा में आता है तो फिर उसका अलग फैक्टर होता है। सूत्र बताते हैं कि महानगर की टीम में जातिगत समीकरण का ट्रैक्टर चलेगा। यहां ऐज वाले फैक्टर को लेकर सीन धीमा रहेगा और इसके लेकर रिलैक्स वाला सीन भी हो सकता है। यहां टीम के गठन में वरिष्ठता, सर्मपण, अनुशासन और सक्रियता का पैमाना रहेगा। अलग अलग नाम चल रहे हैं और इन्हीं नामों पर काम चल रहा है।

### ब्राह्मण चेहरों में हो रहा है इन नामों का चर्चा

करंट क्राइम। ब्राह्मण फैक्टर की बात करें तो यहां गुंजन शर्मा का नाम चल रहा है। गुंजन शर्मा महानगर की टीम में रहे हैं और सक्रिय राजनीति करते हैं। उनका नाम चर्चा में है। यहां एक नाम खोड़ा के सतीश मिश्रा का भी चल रहा है। ब्राह्मण फैक्टर से इस नाम को काफी मजबूती बताई जाती है। इसके अलावा ब्राह्मण फैक्टर की बात करें तो यहां किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज का नाम भी चर्चा में बताया जाता है। इसके अलावा अनिल शर्मा का नाम भी महानगर वाली टीम में चल रहा है। यहां महिला चेहरों में पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता शर्मा का नाम भी चल रहा है।

### ठाकुर फैक्टर में इन नामों में से आयेगा नाम

करंट क्राइम। ठाकुर फैक्टर की बात करें तो यहां महिला चेहरों के रूप में ज्योति चौहान के नाम की चर्चा बताई जाती है। इसके अलावा ठाकुर फैक्टर में भानु सिसौदिया का नाम भी चर्चा में है। यहां पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी और विजय नगर से बलराम रावल का नाम बताया जाता है। इसके अलावा यहां जिस ठाकुर चेहरे की चर्चा लखनऊ तक है वो नाम रॉबिन तोमर का बताया जाता है।

### गुर्जर फैक्टर में चल रहे हैं ये नाम

करंट क्राइम। गुर्जर राजनीति की बात करें तो यहां पर सूत्र बताते हैं कि अनुभव और सक्रियता को वरियता मिलनी हैं। यहां अनुभव की बात करें तो पूर्व पार्षद सुरेन्द्र नागर का नाम तेजी से चर्चा में है। सुरेन्द्र नागर सर्मपण और सक्रियता दोनों ही पैमानों पर सटीक बैठते हैं। सूत्र बताते हैं कि उनके नाम पर लखनऊ और दिल्ली में भी प्रबल सहमति बनती दिखाई दे रही है। संगठन की टीम के आलराउंडर खिलाड़ी है। ये एक ऐसा नाम है जो समन्वय और टीम वर्क दोनों में टॉप पर है। इसके अलावा गुर्जर चेहरों में योगेश भाटी का नाम चर्चा में है। गुर्जर चेहरों में ये नाम सक्रिय है और यहां पर युवा मोर्चा के वर्तमान महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नाम की भी चर्चा है। इसके अलावा गुर्जर फैक्टर में कुलदीप कसाना, विनोद कसाना, आशीष चौधरी का नाम प्रमुखता से है। गुर्जर फैक्टर में एक नाम रीना भाटी का भी चल रहा है। यहां पर विजय धामा का नाम भी प्रमुखता से चल रहा है। लखनऊ-दिल्ली तक इस नाम की भी चर्चा है।

### जाटव फैक्टर से लेकर बाल्मीकि फैटर तक चर्चा में ये नाम

करंट क्राइम। दलित समीकरण की बात करें तो यहां जाटव और बाल्मीकि चेहरों के बीच जंग चल रही है। जाटव फैक्टर में वेदप्रकाश जाटव का नाम तेजी से चर्चा में सुनाई दे रहा है। यहां पर जाटव चेहरों की बात करें तो सुमन जाटव ने भी काफी भागदौड़ की है और उनके नाम की भी चर्चा है। बाल्मीकि चेहरों में राजन आर्य बाल्मीकि से लेकर प्रदीप चौहान बाल्मीकि का नाम चर्चा में है। ये सभी चेहरे भाजपा के कार्यकर्ता हैं और इन्होंने भाजपा के लिए काम किया है। सबका अपना प्रोफाईल है।

### पंजाबी फैक्टर में दुआ से लेकर बख्शी के चल रहे हैं नाम

करंट क्राइम। पंजाबी फैक्टर की बात करें तो यहां प्रहलाद दुआ का नाम महानगर की टीम में पंजाबी फैक्टर के लिए चल रहा है। यहां पर युवा चेहरों में गौरव चौपड़ा के नाम पर चर्चा है। पंजाबी फैक्टर से महिला चेहरे के रूप में पूर्व पार्षद साक्षी नारंग का नाम आ सकता है। इसके अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी के नाम पर भी मजबूत चर्चा बताई जाती है।

### वैश्य समीकरण में चलने वाले हैं ये नाम

करंट क्राइम। वैश्य फैक्टर की बात करें तो यहां महानगर की टीम में महामंत्री गोपाल अग्रवाल का नाम प्रमुखता से चर्चा में बताया जाता है। ये नाम वैश्य फैक्टर को मजबूती दे रहा है। इसके अलावा यहां अंकुर मित्तल का नाम भी तेजी से चल रहा है। अंकुर मित्तल महानगर की टीम का चेहरा हो सकते हैं। यहां एक नाम साईलेंटली से अपनी मजबूती दिखा रहा है और ये नाम दिवाकर सिंघल का है। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। कई आंदोलन में काम किया है और इस नाम पर भी कोई बड़ी मुहर लग सकती है।

### जाट चेहरों में बनेगी क्या इनके नाम पर बात

करंट क्राइम। जाट चेहरों की बात करें तो यहां संजीव चौधरी दुहाई का नाम आता है। ऊर्जावान भाजपाई हैं और जाट फैक्टर में मजबूत नाम हैं। इसके अलावा अक्षय चौधरी के नाम की भी चर्चा चल रही है।

### त्यागी फैक्टर में ये चार नाम

करंट क्राइम। त्यागी फैक्टर की बात करें तो यहां जो नाम सबसे मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है वो नाम बॉबी त्यागी का है। बॉबी त्यागी के नाम की चर्चा है और यहां पर त्यागी चेहरों में संदीप त्यागी के अलावा अमित रंजन त्यागी का नाम भी सुनाई दे रहा है। साथ ही एक्सटेंशन वाले मेहताब त्यागी के नाम की भी चर्चा है। इसके अलावा मुधकर त्यागी के नाम की चर्चा भी सुनाई दे रही है।

### हुआ है ट्विट प्लीज वो चेहरे ना हो इस बार रिपीट

करंट क्राइम। जब सबकुछ नया है तो फिर टीम भी नई होनी चाहिए। सुना है ये ट्विट हो चुका है और इसमें कहा जा रहा है कि जब राष्ट्र-प्रदेश में सबकुछ नया है तो फिर महानगर में भी कुछ नया होना चाहिए। यहां उन चेहरों के नाम बताये गये हैं और कहा गया है कि 4-4 अध्यक्षों के साथ पारी खेलने वालों को अब तो इस जिम्मेदारी से मुक्त करो। उन्हें भले ही आप क्षेत्रीय या प्रदेश टीम में भेजो मगर महानगर की टीम में नए चेहरों को लो। हर बार उन्हीं चेहरों को रिपीट करना ठीक नहीं।

### ऐज वाले फैक्टर पर सॉफ्ट रहेगा रूल

करंट क्राइम। शुरू में ये कहा गया था कि आयु सीमा का कड़ाई से पालन होगा। लेकिन सूत्र बताते हैं कि हाई लेवल पर ये विमर्श हो गया है कि अगर अनुभवी और समर्पण के साथ कोई कार्यकर्ता है तो फिर ऐज वाले रूल को भूल कर काम होगा। 50 वाले फैक्टर पर दृष्टिकोण सॉफ्ट रहेगा।

तीन महामंत्री अभी और एक महामंत्री आयेंगे बाद में

करंट क्राइम। तीन महामंत्री वाला सीन टेम्प्रेरी बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि तीन वाले फ्रेम का अस्थाई रूप है। अभी जो टीम आयेगी उसमें तीन महामंत्री आयेंगे। लेकिन ये फार्मेट अस्थाई है और चार महामंत्री वाला फार्मेट रहेगा। एक महामंत्री की एन्ट्री मिड चुनाव में हो जायेगी और चार महामंत्री ही काम करेंगे।

# सलीम वास्तविक का सर तन से जुदा का प्लान बनाकर किया गया था हमला

## सीसीटीवी फुटेज बनी हमलावरों के लिए काल, पुलिस ने बाइक भी की बरामद

### - अमरोहा से बरामद हुई हमले वाले दिन इस्तेमाल बाइक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सलीम वास्तविक पर हमले के बाद फरार जीशान और गुलफाम ने बहनों के घरों में फरारी काटी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोनी क्षेत्र में सलीम वास्तविक पर हुए जानलेवा हमले के बाद फरार चल रहे बदमाशों जीशान और गुलफाम को लेकर कई अहम खुलासे सामने आए हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि मुठभेड़ में ढेर हुआ गुलफाम पांच बहनों का इकलौता भाई था, जबकि जीशान और गुलफाम दोनों भाई घटना के बाद लगातार अपनी बहनों और रिश्तेदारों के घरों में छिपकर फरारी काट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, गुलफाम की दो बहनें, खोड़ा-अमरोहा में और एक बहन मुरादाबाद में रहती है। सलीम वास्तविक पर हमले के बाद दोनों आरोपी इन्हीं जगहों पर ठिकाना बदल-बदलकर छिपते रहे।

जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों की मोटरसाइकिल अमरोहा स्थित एक घर से बरामद हुई, जिससे उनके छिपने के ठिकानों की अहम जानकारी मिली।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ सलीम वास्तविक का वीडियो







करंट क्राइम : इस पूरे मामले के बीच सलीम वास्तविक का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हमले से जुड़ी घटनाओं और आरोपियों के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। पुलिस भी इस वीडियो के आधार पर कई पहलुओं की जांच कर रही है। इसमें नजर आ रहा है कि पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुए दोनों भाईयों ने सलीम का सर तन से जुदा करने का पूरा प्लान बनाया था।

### अस्पताल में भी बनाया था हत्या का प्लान

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमले के बाद आरोपी एक बार अस्पताल तक पहुंचने के प्रयास में लग थे और वहां भी सलीम वास्तविक की हत्या की योजना बनाई थी। हालांकि पुलिस पहले से ही सतर्क थी और आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थी। बता दें कि गाजियाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम लगातार सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सर्विलांस के जरिए दोनों आरोपियों की गतिविधियों पर निगरानी कर रही थी। इसी निगरानी के आधार पर पुलिस को उनके मूवमेंट की अहम जानकारी मिलती रही।

### सीपी की टीम ने लगाई फुल एनकाउंटर की हैट्रिक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई देखने को मिल रही है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच स्वाट टीम लगातार बड़े अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी क्राइम अमित सक्सेना और क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल राजपूत की टीम ने पिछले कुछ समय में कई बड़े बदमाशों का खात्मा किया है। पुलिस कमिश्नर के कार्यकाल में अब तक एनकाउंटर की हैट्रिक लग चुकी है। बता दें कि सबसे पहले 50 हजार के इनामी बदमाश बलराम ठाकुर को क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने मुठभेड़ में ढेर किया था। इसके बाद बीते दिनों महज 72 घंटे के भीतर एक लाख के इनामी बदमाश सगे भाई जीशान और गुलफाम भी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गाजियाबाद में अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। अपराध करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने की पुलिस कार्रवाई की तारीफ



करंट क्राइम : लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सलीम वास्तविक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमले के आरोपी सगे भाई जीशान और गुलफाम को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया है, उससे साफ है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है। विधायक लोनी ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश है, जहां अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाता। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी की हत्या का प्रयास करेगा, तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। प्रदेश में पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई से समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है और कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बढ़ता है।

## संपादकीय

# ईरान-अमेरिका युद्ध तनाव

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अमरीका पर हमला करने वाला था, लिहाजा हमने ही आक्रमण कर उसे कुचल दिया। ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग नष्ट कर दी गई हैं। दूसरी तरफ अमरीकी युद्ध विभाग पेंटागन ने वहां की संसदीय समिति को ब्रीफ किया है कि उसे ऐसी खुफिया लीड की जानकारी नहीं है कि ईरान की अमरीका पर हमले की कोई योजना थी। दरअसल यह कोई सामान्य विरोधाभास नहीं है। एक पक्ष सफेद झूठ बोल रहा है और ट्रंप झूठ बोलने के आदी हैं। यह टाइम पत्रिका की कवर स्टोरी से भी स्पष्ट है। बहरहाल अब अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने तो यहां तक खुलासा किया है कि ईरान राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या कराना चाहता था, लेकिन हमने ही उनके क्रूर, तानाशाह नेता खामेनेई को मार दिया। रक्षा मंत्री का यह भी दावा है कि एक सप्ताह में ईरान के आसमान पर अमरीका का कब्जा होगा। लेकिन रक्षा विशेषज्ञों और विख्यात राजनयिकों के आकलन हैं कि ऐसा नहीं होगा। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध में, इजरायल के उकसावे में आकर, फंस गए हैं। अब वह चाह कर भी युद्ध से अलग नहीं हो सकते। इसकी बुनियादी दलील यह है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या के बावजूद ईरान अब भी जम कर लड़ रहा है। वह खामेनेई की हत्या का बदला लेने पर आमादा है। ईरान में फिलहाल कोई विद्रोह नहीं है। अलबत्ता अमरीका और इजरायल को सबक सिखाने के ह्यहुंकारी आग्रह जरूर गूंज रहे हैं। बेशक ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 1145 तक पहुंच चुका है। यह भयावह और खौफनाक आंकड़ा है, जो लगातार बढ़ रहा है। ईरान के शीर्ष 48 नेता और सैन्य कमांडर मारे जा चुके हैं। उसके 24 प्रांतों पर 1200 से अधिक मिसाइल हमले किए गए हैं।

ईरान के 153 शहरों की 504 जगहों पर बमबारी की गई है। उसके कमोबेश 20 युद्धपोत और 14 लड़ाकू विमान नष्ट किए जा चुके हैं। ईरान के चारों ओर खंडहरी इमारतें, मिट्टी–मलबा देखे जा सकते हैं, लेकिन ईरान की मिसाइलों और ड्रोनों ने अरब देशों के 27 अमरीकी बेस पर तबाही मचा रखी है। आग के गोले और धुएं के गहरे–काले गुब्बार दुनिया के सामने हैं। इजरायल में येरुशलम और राजधानी तेल अवीव जैसे शहरों में पचासियों इमारतें ध्वस्त कर दी गई हैं। रिहायशी इलाकों पर भी मिसाइलें दागी जा रही हैं। चीख–पुकार सुनी जा सकती हैं। सऊदी अरब की दुनिया की सबसे बड़ी अरामको रिफाइनरी पर दो बार हमले कर ईरान ने उसे पंगु बना दिया है। यहां 30 लाख बैरल तेल हर रोज रिफाइन किया जाता रहा है, लेकिन अब उत्पादन बंद करना पड़ा है। ईरान ने साइप्रस और तुर्किए में भी मिसाइल–ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की हजारों बैलेस्टिक, क्रूज मिसाइलें अब भी बंकरों के नीचे मौजूद हैं। अब भी 6–7 यूनिट्स उत्पादन कर रही हैं। ईरान 20 फीसदी सवंर्द्धित यूरेनियम से ही परमाणु बम बना सकता है, जबकि उसके पास करीब 469 किग्रा सवंर्द्धित यूरेनियम है। बेशक वह 10–12 परमाणु बम बनाने की स्थिति में है।

# यूपीएससी में चयनित युवाओं को दी बधाई लोकदल नेताओं ने किया सम्मान

### विवेक कटारिया को ऑल इंडिया रैंक 845 और सात्विक शर्मा को 327 रैंक मिलने पर क्षेत्र में खुशी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के पटेल नगर सेकंड निवासी विवेक कटारिया को यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 845 प्राप्त होने पर राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं व क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया। विवेक कटारिया, राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन के भतीजे और राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव लोकेश कटारिया के सुपुत्र हैं।

इसी अवसर पर पटेल नगर सेकंड निवासी गजेंद्र शर्मा के पुत्र सात्विक शर्मा को यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 327 प्राप्त होने पर भी बधाई दी गई। दोनों युवाओं की सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, जिला महासचिव मुनींद्र बिल्ला, जिला महासचिव दीपू शर्मा, मनोज त्यागी, देवी राम, सुधीर बाहुबली, शिव त्यागी, राजेश कटारिया, लोकेश कटारिया, गुड्डू हसनपुर और गजेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# होली एकता एवं सद्भाव का त्यौहार

## होलिका दहन परंपरा नहीं हमारी पहचान: राकेश शर्मा

### गाजियाबाद के संजय नगर में पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया गया होलिका दहन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होलिका दहन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह त्यौहार आपसी भेदभाव को भुलाकर देश के विकास और सामाजिक सौहार्द के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह विचार आरडब्लूए अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा ने संजय नगर के पी–ब्लॉक में आयोजित होलिका दहन उत्सव के दौरान व्यक्त किए।

पी–ब्लॉक में इस वर्ष होलिका दहन को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए एक विशेष पहल की गई। आयोजन में लकड़ी का उपयोग न्यूनतम रखते हुए लगभग 500 किलो उपलों, 10 किलो हवन सामग्री और देशी घी का इस्तेमाल किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि इस विधि से न केवल परंपरा का निर्वहन हुआ, बल्कि वायु की शुद्धि और धर्म के प्रति लोगों के सकारात्मक झुकाव को भी बढ़ावा मिला। संजय नगर के शिव मंदिर चौक पर पिछले 30 वर्षों से लगातार होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है। विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला–पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। लोगों ने एक–दूसरे को चंदन का टीका और गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। राकेश शर्मा ने क्षेत्रवासियों से रसायन युक्त रंगों के बजाय प्राकृतिक गुलाल के उपयोग की अपील की, जिसका सार्थक प्रभाव देखने को मिला। उन्होंने कहा कि होलिका पर्व हमें आपसी भाईचारा, सद्भाव और समाज में एकता बनाए रखने का संदेश देता है। इन गणमान्य जनों की रही उपस्थिति इस अवसर पर सुभाष शर्मा, संजय त्यागी, रामपाल सिंह, रविंद्र सिसोदिया, राकेश खंडूरी, अजय त्यागी, डीडी शर्मा, आरसी शर्मा, रमेश यादव, अनिल चौधरी, संजय शर्मा और अरविंद शर्मा समेत सैकड़ों स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# वैशाली के राधा पार्क में उमड़ा 'लघु उत्तराखंड' पारंपरिक गीतों और झोड़ों से सजी होली की शाम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राधा पार्क में उत्तराखंड की महिलाओं द्वारा एक भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देवभूमि की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। इस उत्सव में माँ भगवती कीर्तन मंडली, उत्तराखंड महिला शक्ति ग्रुप और वैशाली महिला मंडल ग्रुप की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लेकर माहौल को उत्सवपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम की मुख्य आयोजक श्रीमती मंजू जोशी जी रही, जो पिछले कई वर्षों से लगातार इस आयोजन के माध्यम से प्रवासियों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने का सराहनीय प्रयास कर रही हैं।

समारोह में शामिल सभी महिलाएँ उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं, जिससे पूरा परिसर पहाड़ी रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान बैठकी होली, खड़ी होली और झोड़ा गीतों ने सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने ढोल-दमाऊ की थाप और पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया।

रंगों के साथ-साथ फूलों और चंदन से होली खेलकर सौहार्द का संदेश दिया गया। उत्तराखंड के पारंपरिक लोक गीतों पर महिलाओं ने थिरकते हुए 'पहाड़ की यादें' ताजा कर दीं। महिलाओं ने पहाड़ी और स्थानीय लजीज व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

आयोजक श्रीमती मंजू जोशी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से अवगत कराना और आपसी प्रेम को बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी को होली की शुभकामनाएं दी गईं और समाज की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी इशू चौधरी का जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सदस्यों ने किया स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित हुई सब–जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटीं होनहार खिलाड़ी इशु चौधरी का नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर के खेल मैदान पर स्वागत किया गया।

जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन गाजियाबाद द्वारा आयोजित इस स्वागत समारोह में खेल जगत की तमाम हस्तियों ने इशु की उपलब्धि को सराहा। गौरतलब है कि इशु चौधरी का चयन गाजियाबाद, मेरठ मंडल और फिर उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ था, जहाँ उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से प्रदेश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विजय कुमार एवं संदीप नागर : तदर्थ, रविंद्र कुमार, विपुल कुमार : अंतरराष्ट्रीय रेलवे खिलाड़ी, आसिफ : राष्ट्रीय खिलाड़ी (रेलवे) आदि खिलाड़ी मौजूद रहे। इसके अलावा पंकज कुमार, सतेंद्र, अभिषेक और अभिमन्यु आदि लोग मौजूद रहे। इशु चौधरी के कोच परविंदर चौधरी ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इशु की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, खेल के प्रति लगन और अटूट अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इशु भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### सोना 1100 रुपये टूटकर 1.64 लाख पर, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दिखी। ऊंचे स्तरों पर कारोबारियों की ओर से मुनाफावसूली करने के कारण सोने का भाव 1,100 रुपये टूटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

वहीं, चांदी की कीमतों में भी नरमी देखने को मिली है और यह 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।


### खोया–पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे फ्लैट नं. 702, मयूरांजली कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नं.10, कौशांबी, गाजियाबाद का मूल अलॉटमेंट पेपर कहीं खो गए हैं। यदि किसी को प्राप्त हों कृपया संपर्क करें– रितेश सक्सेना # 9417303743


## रोचक तथ्यों का करंट

- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने टॉमटाटो का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।
- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को परीक्षण पर रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।

## राशिफल

**मेष:** यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग हैं। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विरोध होगा।

**वृष:** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। घर–परिवार की चिंता बनी रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**मिथुन:** पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी संत–महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

**कर्क:** चोट व दुर्घटना से बचें। शारीरिक हानि हो सकती है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कारोबार ठीक चलेगा।

**सिंह:** विवाह के उम्मीदवारों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है। घर–परिवार की चिंता रहेगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या:** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं।

**तुला:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ समय सुखद व्यतीत होगा।

**वृश्चिक:** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के इस्तेमाल से बचें। लेन–देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु:** मेहनत का फल पूरा–पूरा प्राप्त होगा। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। खर्च होगा। शरीर के ऊपरी हिस्से में कष्ट संभव है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**कुंभ:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होकर सहयोग मिलेगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मीन:** अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। कानूनी अड़चन आ सकती है। लापरवाही न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

## चुटकुले

किसी ने सच कहा है पति–पत्नी की सोच में जमीन–आसमान का अंतर होता
पति की 5 मिस्ड कॉल होने पर पत्नी सोचती है पता नहीं क्या हुआ होगा
पत्नी की 5 मिस्ड कॉल होने पर पति सोचता है पता नहीं आज मेरा क्या होगा

---

वकील– आपके पति कैसे मरे
पत्नी– जहर खाकर
वकील– फिर इनके शरीर पर चोट के निशान कैसे हैं
पत्नी– जहर खाने से मना कर रहे थे

---

पत्नियां भी अजीब होती हैं.... चाहती है उनका पति उन पर मरे
अगर पति उन पर मरता है तो कहती हैं कहीं और जाकर क्यों नहीं मरते
कहीं और जाकर मरते हैं.... तो कहती हैं कहां जाकर मर गए




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



दैनिक **करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




# स्वर्गीय चौधरी रिछपाल सिंह की पुण्यतिथि पर किये गये श्रद्धासुमन अर्पित



गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के पिता तथा पूर्व विधायक हेमलता चौधरी के ससुर स्वर्गीय चौधरी रिछपाल सिंह की पुण्यतिथि पर उनके पैत्रक गांव महमदपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत 5 मार्च को सुबह 9.30 बजे हवन पूजन के साथ हुई। इसके बाद सभी ने स्वर्गीय चौधरी रिछपाल सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी और विवेक भाटी तथा परिवार के सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# गाजियाबाद के विवेक कटारिया और सात्विक शर्मा ने फहराया यूपीएससी में सफलता का झंडा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा के परिणामों में जनपद के दो होनहार युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पटेल नगर सेकंड निवासी सात्विक शर्मा ने अखिल भारतीय स्तर पर 327वीं रैंक और राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव लोकेश कटारिया के सुपुत्र विवेक कटारिया ने 845वीं रैंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। इन युवाओं की उपलब्धि पर स्थानीय निवासियों और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस गौरवमयी अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों और रालोद पदाधिकारियों ने दोनों सफल अभ्यर्थियों के आवास पर पहुँचकर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से रालोद के प्रदेश अध्यक्ष (सहकारिता) अमरजीत सिंह बिड्डी और जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी।

इस मौके पर क्षेत्रीय महासचिवः अरुण चौधरी भुल्लन, जिला महासचिवः मुनींद्र बिल्ला, दीपू शर्मा, मनोज त्यागी, देवी राम, सुधीर बाहुबली, शिव त्यागी, राजेश कटारिया, लोकेश कटारिया, गुड्डू हसनपुर और गजेंद्र शर्मा मौजूद रहे। परिजनों ने बच्चों की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, धैर्य और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

# एसजीयू स्पर्धा 2026: एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शानदार आगाज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'एसजीयू स्पर्धा' का भव्य शुभारंभ हुआ। 6-7 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में एमिटी, बेनेट, फ्छ्त्र्ळ और दिल्ली यूनिवर्सिटी के भारती कॉलेज सहित देश के विभिन्न संस्थानों की 80 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। महोत्सव के पहले दिन फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो और रस्साकशी जैसे टीम खेलों के साथ-साथ शॉटपुट, हाई जंप और लॉन्ग जंप जैसी व्यक्तिगत स्पधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विश्वविद्यालय परिसर खिलाड़ियों के जोश और टीमवर्क की भावना से सराबोर रहा।

उद्घाटन अवसर पर कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल और कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कुलपति ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। प्रो चांसलर पीयूष श्रीवास्तव और विमल कुमार शर्मा ने भी छात्रों को शिक्षा के साथ खेलों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, धैर्य और टीम भावना को बढ़ावा देना है।

# दुजाना गांव में आयोजित दादी-सती मेले में पहुंचे श्रद्धालु



गाजियाबाद करंट क्राइम। दुजाना गांव में प्रसिद्ध मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दादी सती मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दादी सती का मेला यहां की एक पावन परम्परा है। इस वर्ष भी परम्परा और आस्था के साथ दादी-सती मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता भी पहुंचे और उन्होंने भी पूजा अर्चना की। दादी-सती मेले में बड़ी संख्या में गणमान्य पहुंचे। यह मेला अपनी आस्थाओं और परम्पराओं से जुड़ा है और इसका विशेष महत्व है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत एसीपी वेवसिटी ने विद्यार्थियों को किया जागरूक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत थाना वेव सिटी क्षेत्र स्थित इनमैनटेक संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने थाना पुलिस टीम के साथ विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण से की गई। एसीपी प्रियाश्री पाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थ न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि युवाओं के भविष्य और समाज पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं।

उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्रों को मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090 और 1930 के बारे में भी जानकारी दी। कॉलेज स्टाफ ने इस पहल की सराहना की। पुलिस ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जब अपने सफलता प्राप्त करते हैं तो उसकी खुशी अपने को होती है। युवा नेता नितिन मावी ने अपने गांव अफजलपुर की कोमल मावी तथा औरंगाबाद रिस्तल के रॉकी कसाना का आईएएस में चयन होने पर इस खुशी को साझा किया। उन्होंने कहा कि हमें सबको आप पर गर्व है। खुशी के इस गौरवान्वित पल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




# जमकर नाचे नंबर दो की पोजीशन वाले साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होने वाले सभी समारोह पर सबकी नजर रहती है, और जब मामला हुड़दंग वाले होली के त्योहार का हो तो मामला ही अलग होता है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम को होली जमकर मनाई गई। हालांकि वीडियो बहुत वायरल नहीं हुई, पर जिस तरीके से नदिया पार के एक पुलिसकर्मी की डिमांड पर एक के बाद एक आईपीएस अधिकारियों ने कदम बढ़ाए और डांस शुरू हुआ तो मानो महफिल की शान ही बढ़ गई थी। अब बताया जा रहा है कि नदिया पार वाले इस पुलिसकर्मी ने जैसे ही हाथ जोड़कर नंबर दो की पोजीशन वाले दोनों साहब लोगों को डांस के लिए आमंत्रित किया, तो वह भी बैकग्राउंड में बज रहे म्यूजिक छोरा गंगा किनारे वाले पर झूम उठे। इन दोनों साहब के झूमने के बाद सिटी वाले और नदिया वाले साहब भी अपने कदम नहीं रोक पाए। तो होली की ऐसी धुन बजी की क्या आईपीएस अधिकारी और क्या पीपीएस सब झूम उठे। कई थ्री-स्टार भी अपने कदम नहीं रोक पाए। तो ट्रैफिक में लंबा अनुभव रखने वाले थ्री-स्टार में भी कदम बढ़ा दिए। तो एसीपी स्तर के अधिकारियों की ताली वाली थाप बता रही थी कि वह इस मधुर संगीत में और होली के मिलन वाले



कार्यक्रम की उमंग में उल्लासित हो चुके हैं। कुल मिलाकर गुरुवार को सुबह से ही महाराज जी के कार्यक्रम की तैयारी का सिलसिला था, तो कई थानों के प्रभारी पसीने-पसीने हो गए थे लेकिन दोपहर बाद जब कार्यक्रम वाला निमंत्रण आया और माहौल बनना शुरू हुआ तो फिर जमकर रंग भी चला। गुलाल उड़ा, तो कीचड़ भी और उस कीचड़ में क्या थानों के प्रभारी, क्या नए कपड़े पहनकर गए अधिकारी सारे कीचड़ में सराबोर हो गए। कुछ लोगों के कुर्ते कीचड़ में बदल गए, तो गुलाल से नहाए चेहरों ने कार्यक्रम के उल्लास और उमंग को बता दिया। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की होली जमकर हुई है। उधर बताया जा रहा है की क्राइम वालों के यहां तो गुलाल के इतने सिलेंडर चले की गुलाल की खुशबू और धुंआ काफी दूर तक नजर आ रहा था। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से लाइन वाले कार्यक्रम की फाइन वाली होली हुई है, इसकी चर्चा दूर तक गई है। वैसे पकवान भी कई तरीके के थे, जिनके स्वाद पुलिस के अधिकारियों की जुबान पर बैठ गए थे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली होली शॉर्ट रही पर सुपर हिट बताई जा रही है।

# होली के उल्लास में डूबा उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय गुप्ता का आवास, गणमान्य हस्तियों ने दी दस्तक






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रंगों का पावन पर्व होली पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अजय गुप्ता के निवास स्थान पर होली का भव्य उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजनीति, प्रशासन और व्यापार जगत से जुड़ी कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत कर त्यौहार की खुशियों को साझा किया।

होली के इस विशेष अवसर पर पूर्व एटीएम सिटी गंभीर सिंह एवं पूर्व डीएसपी (क्राइम ब्रांच व ट्रैफिक) सच्चिदानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। अजय गुप्ता और उनके परिवार ने आए हुए अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और रंगों की बौछार के बीच होली की बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान अजय गुप्ता काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा, होली रंगों का त्यौहार है, पर इसका आनंद तभी आता है जब पूरा परिवार और मित्र साथ हों। मैं सौभाग्यशाली हूँ कि हर त्यौहार पर मेरा पूरा परिवार एक साथ इकट्ठा होकर खुशियां मनाता है। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि प्रेम और सद्भाव की यह परंपरा हमेशा जारी रहे।

अजय गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में समस्त महानगर वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान हंसी-ठिठोली और जलपान के साथ रंगों का यह उत्सव देर शाम तक जारी रहा, जिसने आपसी भाईचारे का एक सुंदर संदेश दिया।

# दैनिक करंट क्राइम के पाठकों ने होली के रंगों को हमारे साथ किया साझा











अनिल तोमर कार्यकर्ताओं के साथ


अभिषेक गुप्ता


अनिल तोमर कार्यकर्ताओं के साथ




अनिल कुमार अग्रवाल
शिप्रा सनसिटी, गाजियाबाद





अम्बरीश जैन


अगस्तय अपने पिता के साथ




अर्चना सिंह





धीरज शर्मा


अमित भारद्वाज




दीक्षा, गीतांश विद सिस्टर


निरूपा चमोल, विद फ्रैंड्स


मयंक गर्ग, शिवानी गर्ग

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# श्री भक्तमाल कथा तथा संत समागम में पहुंचे गणमान्य श्रद्धालू



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दसवें श्री भक्तमाल जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री भक्तमाल तथा महोत्सव तथा संत समागम में गणमान्य श्रद्धालू पहुंचे। हिन्दी भवन में आयोजित इस महोत्सव में इंद्रेश उपाध्याय कथा वाचन कर रहे हैं। महोत्सव के आयोजन का दायित्व शिक्षा विद तथा समाज सेवी एवं भाजपा नेता डा. रामअवतार जिन्दल संभाल रहे हैं। कथा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालू आते हैं तथा बेहद पावन माहौल में ये आयोजन चल रहा है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर की टीम में आने के उनके जज्बात दिख रहे हैं धांसू? सुना है वो अपनी शिकायतों पर इतने इमोश्नल हो गये कि आगरा जाकर बहा दिये उन्होंने आंसू? कहने वाले ने कहा भेजने वालों ने भेजी है बनाने वालों के पास मोटी वाली फाईल? बस इस फाईल ने भी उड़ा दी है इनकी स्माईल? देखना अब ये है कि आसुंओं का रहेगा कितना असर? पता चला है जो साथ गया था चेहरा? उसने भी सिफारिश में नहीं छोड़ी है कोई भी कसर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** टीम में आने के लिए परमानेंट मैम्बरशिप पर भी लगा दी है लगाने वालों ने नजर? सुना है कोई खिलाना चाहता है किसी टीम में अंकुर? मगर उस चेहरे का नहीं दिखाई दे रहा परमानेंट मैम्बरशिप वाला रूल? कहने वाले ने कहा इस बात को भी देने वाले दे रहे हैं बहुत ज्यादा तूल? कह रहे हैं हुजूर जब टीम बनाना तो फिर इस वाले रूल को भी मत जाना भूल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं संगठन में विधायक जी के खेलने का स्टाईल? पहले वो निपटायेंगे अपनी नापसंद के चेहरे? फिर लायेंगे उसके बाद अपने खास लोगों के फेस पर स्माईल? पूरे विनोद से वो बुझायेंगे कईयों के अरमानों की ज्योति? इसके बाद वो चलेंगे फिर दूसरा दांव? इस दांव में वो अपने प्रिय कसाना, त्यागी, शर्मा और भाटी को दिलवायेंगे भाव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** तलाशने वालों ने तलाश लिया है परमानेंट मैम्बरशिप मैम्बर वाला एक और मामला तलाश? सुना है उनके निशाने पर आ गये हैं एक ठाकुर साहब? हद से ज्यादा सक्रिय इन नेता जी के पास नहीं है परमानेंट मैम्बरशिप वाला पास? सुना है बाकी सब तो ठीक है बस यहीं से हो रहा है इनका खेल खल्लास? कहने वाले ने कहा भगवा योद्धा के दिल में इनका है बहुत ही खास वाला प्रताप?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिंदगी है एक जुआ? मगर सुना है इस बार पूरी होने जा रही है पंजाबी चेहरे की भी दुआ? इनको मिल रहा है द यूनियन के दो बड़े चेहरों का पूरी शिद्दत से साथ? जब से पता चली है इनके प्रतिद्वंद्वियों को खबर? तब से उनका चैन उड़ा हुआ है जनाब? कहने वाले ने कहा हमें नहीं पता था इनके पास है इतने बुलंद तीर? जो समय आने पर दे देंगे अच्छे अच्छों को घाव गंभीर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक्सटेंशन से भी आ रहा है एक त्यागी जी का नाम? सुना है ये वो त्यागी जी हैं जिन्हें गाजियाबाद वाले ठीक से जानते नहीं है श्रीमान? मगर सुना है इनके पास है जबरदस्त शिफारिश? जिसे चाह कर भी नहीं कर पा रहा है कोई भी खारिज? त्यागी फैक्टर में ये टीम में बनाने जा रहे हैं स्थान? इनके नाम को सुनकर डाउट आता है? मगर ये पक्के तिलकधारी हैं श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक लाईन से कर दो आप सारा तोड़? वो अपने इन चेहरों को लेकर चल रहे हैं पूरी शिद्दत से अपने साथ? सुना है उन्होंने रखी है अपनी टीम में आने के लिए इन चेहरों की बात? चौपड़ा, भारद्वाज, नागर, त्यागी, डबल मित्तल और मिस्टर बल के साथ ये कराना चाहते हैं सभी का हल? देखना अब ये है कि ये अपनी मुहिम में कितना कामयाब होते हैं? या फिर होते हैं कितना विफल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चल रहा था होली मिलन का कार्यक्रम? तभी कसाना जी की ताली पर विनोद लेते हुए लाईन पार के कश्यप ने तफरी ले ली साहब? कश्यप ने कहा लगता है कसाना जी की मजबूत नहीं लग रही है बात? सिफारिशों के हालात लग रहे हैं इनके खाली? तभी इतनी हल्की बजा रहे हैं ताली? सुना है कश्यप जी को नहीं था इस बात का एहसास कि सामने से कोई योद्धा के रूप में देने वाला है तपाक सा जवाब? सामने वाले ने कश्यप से कहा ताली की आवाजों को यूं अपने कान से ना नोंचे? कसाना जी का काम तो हो गया है अब आप अपना सोंचे?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको दे रहा हूं अंदर की जानकारी? या तो वो 100 प्रतिशत बनेगा या फिर नहीं बनेगा पदाधिकारी? सुना है किसी योद्धा ने किए हुए हैं इस चेहरे के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास? कह दिया है ऊपर वालों से ये चेहरा मुझे हर सूरत में चाहिए भाईसाहब? वहीं दूसरे मोर्चे वाले लगातार चार योजनाओं से इसके टीम में होने का बना रहे हैं विवाद? देखना अब ये है इस बार ये अपनी चाबी से ताला खोल पायेगा या नहीं खोल पायेगा साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बात ज्यादा समझो या थोड़ी? देखना ये है कि आज क्या करके दिखायेगी भगवा जय और वीरू की जोड़ी? सुना है दोनों के दिल में उठ रही है प्रतिशोध की आग? कोर्ट के फैसले के बाद दोनों ही हाउस टैक्स वाले मैटर को खूब तूल दे रहे हैं साहब? देखना अब ये है कि क्या रहेंगे इनके आज अंदाज? क्योंकि इस मैटर पर ये बाहर कई बड़े चेहरों से कर चुके हैं बड़ी बड़ी बात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# लोनी में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जनता के साथ देखी 'द केरला स्टोरी-2', सिनेमा हॉल में जुटी भीड़

## मूवी मैजिक में विशेष शो, छात्र-छात्राओं, महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी देखी फिल्म

**लोनी, करंट क्राइम।** इंदिरापुरी स्थित मूवी मैजिक सिनेमा हॉल गुरुवार को उस समय खासा गुलजार हो उठा, जब लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर सैकड़ों स्थानीय लोगों के साथ फिल्म द केरला स्टोरी-2 देखने पहुंचे। विधायक के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और महिलाएं भी मौजूद रहीं।

फिल्म का विशेष शो देखने के लिए पहुंचे लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सिनेमा हॉल के बाहर और भीतर समर्थकों व स्थानीय नागरिकों की भीड़ रही। फिल्म समाप्त होने के बाद कई लोगों ने विधायक से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता लाने में मदद करते हैं।





इस मौके पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि यह फिल्म समाज को सचेत करने और जागरूकता बढ़ाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि समाज को हर तरह की चुनौतियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी है।



कार्यक्रम के दौरान सिनेमा हॉल में मौजूद लोगों ने फिल्म के कई दृश्यों पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी। आयोजन में स्थानीय नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ता, सभासद, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे, जिससे माहौल काफी उत्साहपूर्ण बना रहा।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस, अब उड़ान की तैयारी

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना को शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस मिल गया है। यह प्रक्रिया एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच के बाद पूरी की जाती है। इस मंजूरी के साथ ही अब डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके बाद यहां से फ्लाइट ऑपरेशंस शुरू किए जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा मानकों का परीक्षण अनिवार्य होता है।




## होली उत्सव





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी और उनके पुत्र प्रशांत कौशिक ने होली की खुशियों को सभी के साथ साझा किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने भी होली का गुलाल लगाया और सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और यहां पर प्रशांत कौशिक ने सभी क्षेत्रवासियों को होली के पावन पर्व की बधाई देते हुए सभी के लिए मंगलकामनाएं की।

# आज होगा कश्यप-निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन

**❍ देशभर से आएंगे पदाधिकारी, अप्रैल में प्रस्तावित महाकुंभ की रूपरेखा भी होगी तय**

## समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कराने पर बनेगी रणनीति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कश्यप निषाद समाज को संगठित करने और समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से आज 7 मार्च को राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसॉर्ट में कश्यप निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से संगठन के पदाधिकारी, समाज के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। अधिवेशन में संगठन के विस्तार, समाज के अधिकारों, सामाजिक उत्थान और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप होंगे। उनके नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन में कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल कराने को लेकर विशेष रूप से मंथन किया जाएगा और इसके लिए आगे की रणनीति तय की जाएगी। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि यदि कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलता है तो समाज के लोगों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अधिक अवसर प्राप्त होंगे। इसी मुद्दे को लेकर अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन और आगे की कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी।

### अप्रैल में होगा समाज का महाकुंभ

करंट क्राइम : राष्ट्रीय अधिवेशन में अप्रैल माह में प्रस्तावित महर्षि कश्यप महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह महासम्मेलन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। अधिवेशन के दौरान महासम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों से सुझाव लिए जाएंगे और उसकी विस्तृत रूपरेखा तय की जाएगी

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में 'नेक्टर-2026' वार्षिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ

## दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से हुआ आगाज, स्पोर्ट्स फ्लेम प्रज्वलन और एयर बैलून विमोचन रहा आकर्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव एनईसीटीएआर-2026 का शुभारंभ शुक्रवार को उत्साह और जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुई।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. शर्मा, उप कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. वैशाली अग्रवाल, डीन एकेडेमिक्स डॉ. अनुभव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एम.के. जैन तथा रजिस्ट्रार विनोद कुमार सहित अन्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उप कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल और कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महोत्सव का विशेष आकर्षण स्पोर्ट्स फ्लेम का प्रज्वलन और एयर बैलून का विमोचन रहा, जिसे कुलाधिपति एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही एनईसीटीएआर-2026 का औपचारिक उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के अंत में सारिका भाटी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरूआत हुई, जिसमें छात्रों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन और रैम्प वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर एकता, उत्साह और प्रतिभा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि एनईसीटीएआर-2026 विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव साबित होगा और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## ईंट - भट्टे पर शख्स की हत्या करने वाले पति-पत्नी को आजीवन कारावास

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के सलारपुर गांव में सात वर्ष पूर्व हुई एक हत्या के मामले में कोर्ट ने पति-पत्नी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन श्रीवास्तव की अदालत ने सलारपुर गांव निवासी आरोपी अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना जमा नहीं करने पर उन्हें छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

एडीजीसी क्राइम नितिन त्यागी ने बताया कि घटना 7 नवंबर 2018 की सुबह की है। ग्रेटर नोएडा के थाना जारचा क्षेत्र के सलारपुर गांव स्थित एक ईंट भट्टे के पास बने कमरे में सलीमुद्दीन उर्फ सलीम की हत्या कर दी गई थी। मामले में भट्टे के मुनीम ने जारचा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया गया था कि वह सुबह भट्टे का काम देखने के लिए अली हसन को बुलाने उसके कमरे पर गया था।

# भारत-इंग्लैंड T20 सेमीफाइनल के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**नोएडा।** सीआरटी व स्वाट-2 और थाना सेक्टर-113 पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भारत-इंग्लैंड टी-20 सेमी फाइनल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ किया है। गैंग एक हाईराइज सोसाइटी के फ्लैट से सट्टेबाजी का नेटवर्क चल रहा था। पुलिस ने मौके से गैंग के सरगना सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से 3 लैपटॉप, 3 टैबलेट, 32 मोबाइल फोन, प्रिंटर सहित अन्य सामान बरामद हुआ हैं। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि शुक्रवार को CRT/SWAT-2 टीम व थाना सेक्टर-113 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्टॉनिक सर्विलांस की सहायता से संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध रुप से चोरी छिपे बेटिंग ऐप के माध्यम से धोखाधडी कर पैसा हड़पने



वाले 5 अभियुक्त विनय सहगल पुत्र अशोक कुमार सहगल, नवदीप सिंह पुत्र गुरमीत सिंह, राजीव शर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र शर्मा, सलील सेठ पुत्र संजीव सेठ तथा देव कुमार पुत्र राम कुमार को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से बेटिंग में प्रयुक्त 3 लैपटॉप, 3 टेबलेट, 3 डेस्कटॉप, 32 मोबाइल फोन, 2 आईसी रिकॉर्डर, 4 अभिलेखीय स्लिप पैड, 2 नोटपैड, 3 असैमबल लाईन बाक्स, 1 सीपीयू, 1 प्रिन्टर/ स्कैनर, अन्य सामान व 8 हजार रुपये नकद बरामद हुआ है।

एडीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि इस पूरे गैंग का सरगना विनय सहगल है। इनके द्वारा बताया गया कि अभी जो वर्ल्ड कप ळ-20 के मैच चल रहे हैं तथा INDIA-ENGLAND के सेमीफाइनल मैच पर ZOOM APP व ZOOM AUDIO के माध्यम से आनलाईन और फोन कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी एवं षडयन्त्र करके लोगों से सट्टे की खाई-बाड़ी करते हैं और लोगों का पैसा लगवाते हैं, और उस पैसे को फील्ड से एकत्र करके लाभ कमाते हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी की जा रही है।

# दैनिक करंट क्राइम के पाठकों ने होली के रंगों को हमारे साथ किया साझा






























चौधरी देवेन्द्र सांगवान महामंत्री मंडल जलालाबाद जि0 गा.बादBjp




# दैनिक करंट क्राइम के पाठकों ने होली के रंगों को हमारे साथ किया साझा


कुलदीप कसाना


कुलदीप कसाना




ज्योति- आशा










ओमवीर सिंह, गोपाल सिंह, अरविन्द कुमार (विद फैमिली)


अवयान


ज्योति तोमर- पूजा





अनुभव चौधरी


अनुराग गौतम, पता- राधेश्याम पार्क, राजेन्द्र नगर, सै. 5, साहिबाबाद


कुलदीप भारतीय गाजियाबाद


बजाज फैमिली, रेखा, ज्योति, नविका, नायरा, नक्ष - कविनगर गाजियाबाद


अनुराग गौतम, पता- राधेश्याम पार्क, राजेन्द्र नगर, सै. 5, साहिबाबाद




राधेश्याम तिवारी, विद स्टाफ


इंदिरापुरम , अपैक्स समिति

# दैनिक करंट क्राइम के पाठकों ने होली के रंगों को हमारे साथ किया साझा













तनिष्क त्यागी, कुंज त्यागी



सतीश शर्मा, इंदिरापुरम



रोहित गुप्ता, शिप्रा सनसिटी



विक्रम चौधरी, पत्नी के साथ



सविता शर्मा, पत्रकार



शुभम त्यागी, इंदिरापुरम






विनोद कर्दम



रजनीश पंडित, गाजियाबाद





शर्मा फैमली




















अर्पिता, वेद और रियांश







# दैनिक करंट क्राइम के पाठकों ने होली के रंगों को हमारे साथ किया साझा


होली के रंग यशपाल पहलवान प्रसाद जी के संग


होली के रंग यशपाल पहलवान प्रसाद जी के संग


होली घूकना


गौरव सैनी, ज्योति सैनी


ब्रज गौतम, मिशलगढ़ी


हिम्मी, मोनिका, अंकित, कीर्ती (पिलखुवा)


गौरव प्रताप, हरिन्दर सिंह, आशीष चौधरी





























पिंटू तोमर

## पुलिस लाइन में सजा रंगों का उत्सव, पुलिसकर्मियों ने मनाया होली मिलन समारोह











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में होली के एक दिन बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ होली मिलन समारोह मनाया। सुबह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ड्यूटी के कारण पुलिसकर्मी होली नहीं मना सके थे, लेकिन दोपहर बाद पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में रंगों का उत्सव देखने को मिला। पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी पूरे साल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार ड्यूटी करते हैं, ऐसे में इस तरह के कार्यक्रम आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं। समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड और सांस्कृतिक माहौल के बीच सभी ने उत्साह के साथ होली के रंगों का आनंद लिया। इस अवसर पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरन नैय्यर, केशव चौधरी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एसीपी कविनगर सूर्यबलि मौर्य, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी मसूरी लिपि नगायच, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव,, एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह और एसीपी ज्ञान प्रकाश राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने का प्रस्ताव: 118 सांसदों ने किया समर्थन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष का प्रस्ताव नियमों के तहत है और इस पर बहस होनी चाहिए। विपक्ष ने स्पीकर पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है।

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।

जयराम रमेश ने कहा, यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।

संविधान विशेषज्ञ पी डी टी आचार्य के अनुसार, जब प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे। वह सत्ता पक्ष की सीटों पर बैठेंगे। असल में, जिस दिन यह नोटिस दिया गया था, उसी दिन से बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था।

**क्यों दिया गया नोटिस:** लगभग 118 विपक्षी सदस्यों ने यह नोटिस दिया है। उनका आरोप है कि स्पीकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा, आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित भी कर दिया गया था। कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा था। संविधान के अनुच्छेद 96 के अनुसार, जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन हो, तो वह सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकता है। हालांकि, उन्हें सदन में बोलने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार है।

### कांग्रेस ने कहा: प्रस्ताव पर बहस होनी चाहिए

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, श्ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए।

### क्या है स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया

अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। वह सदस्यों के बीच बैठेंगे। नियमों के अनुसार, बिरला को सदन में अपनी बात रखने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार होगा। वह प्रस्ताव के खिलाफ वोट भी दे सकते हैं।

## 'रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम': अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई से देश नक्सलवाद के खात्मे के करीब है। शाह ने कहा कि 31 मार्च तक भारत को माओवादी प्रभाव से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। आइए विस्तार से जानते हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

### शाह ने रेड कॉरिडोर को लेकर क्या कहा

ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है।

शाह ने CISF की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह बल देश के प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा देकर आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने देश की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी प्रगति की है।

## नगर निगम की 1702 दुकानों के किराए पर बनी सहमति, समिति की बैठक में हुआ मंथन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम की शहरभर में स्थित 1702 दुकानों के किराए में प्रस्तावित वृद्धि को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब सुलझने की ओर बढ़ गया है। शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में गठित समिति की बैठक हुई, जिसमें दुकानों के किराए को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक में गोल मार्केट समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नगर निगम की दुकानों के किराए के मुद्दे पर चर्चा हुई। इससे पहले बनी समिति ने किराया बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर सदन से पारित कराया था, लेकिन व्यापारियों ने इसे अत्यधिक बताते हुए विरोध जताया था। इसके बाद कार्यकारिणी की बैठक में इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार के लिए महापौर और नगर आयुक्त के नेतृत्व में 5 पार्षदों और 5 अधिकारियों की नई समिति गठित की गई थी। समिति की बैठक में व्यापारी प्रतिनिधि राकेश स्वामी, राजेश लाहौरिया, राजकुमार सिंघल, सुरेश गुप्ता और सुरेश महाजन सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान व्यापारियों की समस्याओं और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किराया वृद्धि के प्रस्ताव में संशोधन करने पर सहमति बनी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि समिति ने व्यापारियों और नगर निगम दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए संतुलित निर्णय लिया है। वहीं महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही व्यापारियों की समस्या के हर पहलू पर विचार करते हुए समाधान निकालने का प्रयास किया गया है।

बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर प्रस्ताव को 7 मार्च को होने वाली नगर निगम सदन की बैठक में रखा जाएगा। इसके अलावा रामानुज मार्केट और कविनगर जोन परिसर मार्केट के आवंटियों से किराए के बजाय संपत्तिकर वसूलने का निर्णय भी लिया गया है। व्यापारियों ने इस फैसले पर महापौर, नगर आयुक्त और समिति का आभार व्यक्त किया।

## रूसी तेल खरीद पर अमेरिकी मंजूरी
## संजय राउत ने केंद्र सरकार को घेरा, विपक्षी नेताओं ने भी दागे तीखे सवाल



**नई दिल्ली।** संजय राउत सहित विपक्षी नेताओं ने अमेरिका की रूसी तेल मंजूरी पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। विपक्ष ने इस पूरे मुद्दे को भारत की विदेश नीति और राजनीतिक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए तीखी आलोचना की है।

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीद के मामले में भारत को एक महीने की मोहलत दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस मुद्दे को भारत की विदेश नीति और राजनीतिक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए कहा है कि किसी भी देश को यह तय करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए कि भारत कब और कितना तेल खरीदे।

**विदेश नीति पर बाहरी दबाव की चिंता:** मीडिया से बातचीत करते हुए संजय राउत ने कहा, 'यह बात समझ से परे है कि कोई दूसरा देश भारत को इस तरह 'परमिशन' दे।' उन्होंने आगे कहा कि ऐसी अनुमति आमतौर पर एक ताकतवर देश अपने अधीन या कमजोर देश को देता है। अगर भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए एक महीने की छूट दी गई है, तो इसका मतलब है कि हमारी विदेश नीति कहीं न कहीं दूसरे देश के इशारों पर चल रही है। उन्होंने इसे भारत की राजनीतिक स्वायत्तता के लिए एक चिंताजनक संकेत बताया।

**'अमेरिका के अधीन और गुलाम' होने का आरोप:** संजय राउत ने आरोप लगाया कि रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका से अनुमति लेना यह दशार्ता है कि भारत अमेरिका के अधीन और गुलाम है।

वहीं संजय राउत ने आगे कहा कि अगर देश को ऊर्जा की जरूरत है और रूस से तेल खरीदना फायदेमंद है, तो इस पर फैसला भारत सरकार को खुद करना चाहिए, न कि किसी दूसरे देश की मंजूरी के आधार पर। उन्होंने भारत के राजनीतिक नेतृत्व और सरकार से इस मामले में एक स्पष्ट और मजबूत रुख अपनाने की अपील की।

**कांग्रेस ने भी उठाए सवाल, सरकार को घेरा :** इधर, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, 'ट्रेड डील के अनुसार हम आयात कर घटा रहे हैं और अमेरिका आयात कर बढ़ा रहा है। हमने ट्रेड डील में अमेरिका से वादा किया है कि हम कृषि के क्षेत्र में आयात कर हटाएंगे या घटाएंगे, तो वास्तविक है कि अमेरिका खुश होगा। रूस के तेल के बारे में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी का जो बयान आया है, वो बहुत आपत्तिजनक है। अमेरिका हमें सर्टिफिकेट देने वाला कौन होता है? यह हमारी संप्रभुता पर आक्रमण है। निक्सन और किसिंजर ने 1971 में यही भाषा इस्तेमाल की थी और इंदिरा गांधी ने करारा जवाब दिया था। हमारे प्रधानमंत्री के इस्राइल दौरे के ठीक 2 दिन बाद अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर लक्षित हमले किए। पूरी सरकार इस पर चुप है। ट्रेड डील के मुद्दे के साथ-साथ इसे भी संसद में उठाया जाएगा।'

**आरजेडी का तीखा हमला**

अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के भारतीय रिफाइनर को रूसी तेल खरीदने की इजाजत देने के लिए 30 दिन की टेम्परारी छूट देने पर आरजेडी नेता मनोज कुमार झा निशाना साधा। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसका राजनीति से कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। हमारे विदेश मंत्री, पेट्रोलियम मिनिस्टर और प्रधानमंत्री मोदी कहां हैं।

## अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध : राहुल गांधी



**कोल्लम।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा दौर की राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, एक-दूसरे को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और असहमति के मामलों में हिंसा का सहारा लिया जाता है।

**असहमति को दबाने का आरोप लगाया**

उन्होंने कहा, आज हम राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देख रहे हैं कि हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। दूसरे व्यक्ति को समझने के प्रयास नहीं किया जाता है। बस, बम गिराकर उन्हें मार डाला जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया, हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या उसके प्रति हिंसक हो जाते हैं। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और समाज सुधार संत श्री नारायण गुरु की मुलाकात की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**महात्मा गांधी और नारायण गुरु का दिया उदाहरण**

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और नारायण गुरु दोनों ही इस तरह की हिंसा के विरोधी थे और जनता के बीच प्रेम, सम्मान, क्षमता और समझदारी की पैरवी करते थे। अपने संबोधन में आगे उन्होंने कहा कि संविधान में भी वे मूल्य समाहित हैं, जिनकी पैरवी नारायण गुरु और महात्मा गांधी ने की थी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी ने उस समय दुनिया के सबसे ताकतवर साम्राज्य से लड़ाई लड़ी थी और उनके साथ जो कुछ भी किया गया, उन पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। (महात्मा) गांधी उस मजबूत व्यवस्था के खिलाफ अपने संघर्ष के दौरान नारायण गुरु जैसे लोगों से प्रेरित हुए और उनसे बातचीत की।

**कांग्रेस नेता ने बताया शक्ति और बल में अंतर:** विपक्ष के नेता ने कहा, अंग्रेजों के खिलाफ महात्मा गांधी के संघर्ष से मुझे अहसास हुआ कि शक्ति और बल में अंतर होता है। उन्होंने आगे कहा, ब्रिटिश शासन के पास बल तो था, पर सत्ता नहीं। गांधीजी के पास बल नहीं था, पर सत्य था, इसलिए उनके पास शक्ति थी। इसी तरह नारायण गुरुजी के पास बल नहीं था। फिर भी वह अपने समय में केरल के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति थे। उन्होंने आगे कहा, कल्पना कीजिए कि सौ साल बाद केरल का पूरा राजनीतिक वर्ग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के एकत्र हुआ है।

## केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में नहीं घटेंगे 'आईपीएस' के पद
### पीएमओ की सलाह के बाद होगा 'नियमों में बदलाव'



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) में 'आईपीएस' अफसरों की प्रतिनियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार, वैधानिक संशोधन की तैयारी में है। अब यह मामला, गृह मंत्रालय से 'पीएमओ' में जा चुका है। पीएमओ की सलाह के बाद ही आईपीएस प्रतिनियुक्ति के 'नियमों में बदलाव' होगा।

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) में 'आईपीएस' अफसरों की प्रतिनियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार, वैधानिक संशोधन की तैयारी में है। अब यह मामला, गृह मंत्रालय से 'पीएमओ' में जा चुका है। पीएमओ की सलाह के बाद ही आईपीएस प्रतिनियुक्ति के 'नियमों में बदलाव' होगा। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि फिलहाल पीएमओ, किसी भी तरह से केंद्रीय बलों में आईपीएस की प्रतिनियुक्ति का कोटा घटाने के मूड में नहीं है। इसके पक्ष में सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। साथ ही अर्धसैनिक बलों के कैडर अफसर, जो पदोन्नति के मोर्चे पर पिछड़ रहे हैं, उन्हें भी कुछ राहत दी जा सकती है। सीएपीएफ अफसरों के कैडर रिव्यू में विभिन्न रैंकों के लिए तय अपग्रेडेशन के प्रतिशत में बढ़ोतरी किए जाने की उम्मीद है।

पिछले साल 23 मई को सीएपीएफ कैडर अफसरों के करियर प्रोग्रेशन के संबंधित एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सीएपीएफ में 'एसएजी' (वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड) स्तर तक के पदों पर आईपीएस की प्रतिनियुक्ति को सरकार, अगले दो साल में धीरे-धीरे कम करे। इन बलों में आईपीएस के चलते सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, पदोन्नति में पिछड़ जाते हैं इन बलों में केवल एनएफएफयू (नॉन फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन) के लिए नहीं, बल्कि सभी कार्यों के लिए 'संगठित समूह ए सेवा' (ओजीएएस) पैटर्न' लागू हो। छह महीने में 'कैडर रिव्यू' हो। सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 'पुनर्विचार याचिका' दायर की, मगर वह भी खारिज हो गई। अवमानना केस में सरकार को नोटिस जारी हो गया। अब सरकार के पास, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए वैधानिक संशोधन के अलावा दूसरा विकल्प नहीं बचा है।

### सभी रैंकों में आईपीएस प्रतिनियुक्ति का कोटा बना रहेगा ...

फिलहाल केंद्रीय बलों में आईपीएस प्रतिनियुक्ति का कोटा डीआईजी स्तर पर 20-25 प्रतिशत, आईजी स्तर पर 50 प्रतिशत और एडीजी स्तर पर 75 प्रतिशत तय है। अब इन पदों में कटौती नहीं होगी। गत वर्ष सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरित केंद्र में आईपीएस प्रतिनियुक्ति की संख्या बढ़ा दी गई। गत जून माह के दौरान केंद्र में 678 आईपीएस थे, दिसंबर में यह संख्या 700 के पार चली गई।

आईपीएस की संख्या कम होने की जगह बढ़ गई। पीएमओ में कई प्रपोजल पर विचार के बाद यह निर्णय लिया गया है कि आईपीएस के पदों में कटौती न की जाए।

### सुप्रीम कोर्ट में दिया था ये शपथ पत्र ...

सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल शपथ पत्र में कहा गया है कि वह इस विषय पर 'वैधानिक हस्तक्षेप' पर विचार कर रही है। केंद्रीय बलों में आईपीएस प्रतिनियुक्ति को लेकर 'कानून' बनाया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुरुप सीएपीएफ के संगठनात्मक ढांचे की व्यापक समीक्षा की जा रही है। सीएपीएफ के कैडर अफसरों को 'ओजीएएस' का दर्जा मिले, इस पर विचार हो रहा है। प्रस्तावित वैधानिक हस्तक्षेप का मकसद, ओजीएएस में स्पष्टता लाना है। इसे केवल पदोन्नति तक सीमित न रख कर, दूसरे मामलों में भी लागू किया जाए। लंबे समय से पदोन्नति में पिछड़े कई रैंकों का स्थायी समाधान क्या हो, इस पर काम हो रहा है। सही मायने में ओजीएएस के लागू होने से सीएपीएफ की सेवा शर्तें, पदोन्नति और वरिष्ठता से जुड़े मामलों में स्थायित्व आ सकता है।

## 'भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को करूंगी बेनकाब'
### एसआईआर के खिलाफ धरना शुरू करते हुए बोली ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटाए जाने के खिलाफ कोलकाता में धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर असली मतदातओं को मतदान करने से रोकने की साजिश का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मतदाता सूची से कथित तौर पर मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के विरोध में एक धरना शुरू किया। इस कदम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और चुनाव आयोग के बीच टकराव और बढ़ गया है।

**ममता बनर्जी शुरू किया धरना**

कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू करते हुए, बनर्जी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें बेनकाब करने की कसम खाई। टीएमसी सुप्रीमो ने विरोध प्रदर्शन की शुरूआत में कहा, 'मैं बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को बेनकाब करूंगी।'

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लगाया आरोप

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संशोधित मतदाता सूची में कई मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है। बनर्जी ने कहा, 'मैं उन मतदाताओं को, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर दिया है, इस विरोध स्थल पर प्रस्तुत करूंगी।' यह धरना, जो मध्य कोलकाता में दोपहर 2:15 बजे शुरू हुआ। इसकी घोषणा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पहले ही कर दी थी। उन्होंने चुनाव आयोग पर राजनीतिक रूप से प्रेरित अभ्यास करने का आरोप लगाया था, जिससे लाखों योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। यह विवाद चुनाव आयोग की नई वोटर लिस्ट आने के बाद बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर से एसआईआर शुरू होने के बाद से 63.66 लाख नाम लिस्ट से हटा दिए गए हैं। यह कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। इसके कारण बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। इसके अलावा, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को जांच के दायरे में रखा गया है। इसका मतलब है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी। यह प्रक्रिया निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावी समीकरणों को और भी बदल सकती है।

## एक साथ 12 लक्ष्यों को भेदता है रूस का ये घातक हथियार
### भारत ने कर लिया सौदा
### घुटनों पर आएगा पाकिस्तान




**नई दिल्ली।** भारत ने नौसेना की हवाई सुरक्षा मजबूत करने के लिए 5,083 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद को मंजूरी दी है, जिसमें ALH MK-III (MR) हेलीकॉप्टर और VL-Shtil एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। आइए विस्तार से जानते हैं।

भारत ने नौसेना की हवाई सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए बड़ा रक्षा सौदा किया है। रक्षा मंत्रालय ने कुल 5,083 करोड़ रुपये की खरीद को मंजूरी दी है, जिसमें ALH MK-III (MR) हेलीकॉप्टर और वर्टिकल लॉन्च शितल एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना ने 2,182 करोड़ रुपये में सतह से हवा में मार करने वाले VL-Shtil मिसाइल सिस्टम की खरीद के लिए रूस की कंपनी जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ समझौता किया है। इस प्रणाली के शामिल होने से भारत की समुद्री रक्षा क्षमता और मजबूत होगी और पाकिस्तान जैसे नजदीकी दुश्मनों से आने वाले हवाई खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। यह प्रणाली एक साथ 12 लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखती है।

### एसएआरएच प्रणाली की सीमाएं क्या हैं



हालांकि SARH प्रणाली के कुछ सीमित पहलू भी हैं। यह तकनीक अपेक्षाकृत कम दूरी के लक्ष्यों के लिए अधिक प्रभावी मानी जाती है। इसके अलावा, इस प्रणाली में लक्ष्य को जहाज के रडार से लगातार रोशन करना पड़ता है। जैसे-जैसे लक्ष्य की दूरी बढ़ती है, रडार से परावर्तित सिग्नल कमजोर होता जाता है, जिससे लक्ष्य की पहचान और ट्रैकिंग चुनौतीपूर्ण हो सकती है। फिर भी विशेषज्ञों का मानना है कि लागत, विश्वसनीयता और तेज प्रतिक्रिया क्षमता के कारण शितल-1 जैसी प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने वाला अहम कदम साबित हो सकती है।